डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 108 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 31 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## थार गाड़ी पलटी, दो की मौत

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार की रात हुए एक सड़क हादसे में राजस्थान के दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा महू-नीमच फोर लेन पर बरखेड़ापंथ गांव के पास हुआ, जहां एक थार जीप अनियंत्रित होकर पलट गई।



मल्हारगढ़ थाना पुलिस के अनुसार हादसे में राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के गोवर्धनपुरा निवासी 27 वर्षीय शोएब पठान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घोटारसी निवासी सद्दाम अजमेरी को गंभीर हालत में बड़े अस्पताल ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। हादसे में कनोरा रठाजना निवासी आशिक खान गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया है। घटना की जांच जारी है।




# सीतामऊ साहित्य सम्मेलन: बजरंग दल के विरोध के बाद अली ब्रदर्स का कार्यक्रम निरस्त

**✻ खबर प्रकाशित होने के बाद नेताओं को मिली तवज्जों**
**✻ प्रशासन की उपेक्षा के शिकार सीतामऊ मीडिया ने कार्यक्रम का किया बहिष्कार**

**मंदसौर, 30 जानवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला प्रशासन द्वारा सीतामऊके विवादित नटनागर शोध संस्थान में आयोजित साहित्य महोत्सव शुभारंभ के दिन ही विवादों में आ गया। हिंदु संगठन ने महोत्सव में बुलाए गए अली ब्रदर्स के कार्यक्रम का विरोध कर मोर्चा खोल दिया। कार्यक्रम में पहुंची प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया का घेराव कर उन्हें अल्टीमेटम दे दिया। इसके बाद प्रशासन को झुकना पड़ा और प्रभारी मंत्री से बातचीत के बाद कार्यक्रम निरस्त किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत का जल संरक्षण पर जो व्याख्यान था, वो भी कार्यक्रम में नही पहुंचे। स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम में संख्या बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।**

इससे पहले शुभारंभ में प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया, सांसद सुधीर गुप्ता, क्षेत्रीय विधायक हरदीपसिंह डंग सहित अन्य जनप्रतिनिधी और भाजपा नेता पहुंचे। लेकिन, सीतामऊमें चर्चा थी कि जो जनप्रतिनिधी पहुंचे उनके आमंत्रण कार्ड में बतौर अतिथी नाम नही थे। मीडिया में प्रतिक्रिया के बाद इनमें से अधिकांश को बुलाया गया। वहीं मंदसौर जिले में होने के बाद भी डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और सीतामऊमें होने के बावजूद राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर कार्यक्रम में दिखाई नही दिए। इसे लेकर भी यहां चर्चा रही।

जिला प्रशासन द्वारा विवादित संस्थान में आयोजित किए जा रहे साहित्य महोत्सव में गुरूवार शाम अली ब्रदर्स की प्रस्तुति होना तय थी। जानकारी मिली कि कलाकार यहां पहुंच भी चुके थे। लेकिन, बजरंग दल को जब अली ब्रदर्स के कार्यक्रम की जानकारी लगी तो उन्होंने विरोध किया। बजरंग दल के नेताओं ने कहा कि अली ब्रदर्स सनातन धर्म विरोधी है। उन्हें साहित्य की जानकारी नहीं है और साहित्य के महोत्सव में उन्हें प्रस्तुती नही देने देंगे। इसको लेकर बजरंग दल के नेताओं ने प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया को घेर लिया। कार्यक्रम निरस्त करने की मांग की। प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर से बात कर कार्यक्रम निरस्त करने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक हरदीप डंग ने हिंदू संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि अली बद्रर्स का कार्यक्रम नही होगा। शाम को आयोजन नही हुआ।

### केंद्रीय मंत्री भी नहीं पहुंचे...

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत के आने का प्रचार- प्रसार किया गया था। लेकिन, मंत्री शेखावत कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। वर्चुअली ही वो कार्यक्रम से जुड पाए। ये जानकारी मिली है।

### स्कूली बच्चों ने भरा पांडाल...

इतने महत्वपूर्ण आयोजन में साहित्यकारों और आमजन की भागीदारी उल्लेखनीय नहीं थी। नवोदय विद्यालय, मंदसौर के वात्सल्य स्कूल के बच्चे अगर नही होते तो ठाकुर साहब की गढ़ी दिन में भी सांय सांय करती नजर आती।

### राजस्व अमला पंडाल में...

मन्दसौर, सीतामऊ के राजस्व विभाग का लगभग महत्वपूर्ण अमला नटनागर में ड्यूटी पर था। उनके ऑफिस खाली पड़े थे। मंच से भी पटवारियो को निर्देशित किया जा रहा था, जिससे साहित्यिक कार्यक्रम की इमेज पटवारियो के रकबे में समाने जैसी लग रही थी।

### जुगाडू वीआईपी...

आयोजन में बच्चों की भीड़ के चलते भोजन के पांडाल में घुसना मुश्किलातों से भरा लग रहा था। इसलिए जुगाडू वीआईपी बन कर भूख मिटा पाएं। केवल नि:शुल्क प्रवेश था। लेकिन, इन जुगाडू वीआईपी को लगा की भोजन भी मिलेगा। लेकिन, भोजन काउंटर पर पहुंचते ही इनसे टोकन मांग लिया।

### लोकल लोगो को नही दी तवज्जों...

इतने बड़े साहित्यिक आयोजन में सीतामऊ और मंदसौर के लेखकों, कवियों और साहित्य प्रेमियों की हिस्सेदारी लगभग ना के बराबर ही रही। कुछ को थोड़ी बहुत जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन, अंतिम समय वो भी वापस ले ली गई।

### खेल आयोजन जैसा दिखा मंजर...

सीतामऊमें घुसते ही सड़को के दोनो किनारों पर ऐसे झंडे फहरा रहे थे जैसे कोई खेल आयोजन हो। सफेद चूने से बनाई लकीरें भी यही कहानी कह रही थी। रही सही कसर ट्रैकसूट पहने बच्चों ने पूरी कर दी।

### स्थानीय पत्रकार भी नाराज...

स्थानीय पत्रकारों को बिल्कुल भी तवज्जो नहीं दी गई। छोटे से नगर में हो रहे बड़े आयोजन को लेकर स्थानीय प्रेस खास भूमिका निभा सकती थी। लेकिन, प्रशासन की विमुखता से रूष्ट स्थानीय प्रेस ने सोशल मीडिया पर तो अपना विरोध जताया ही साथ ही आयोजन का बायकॉट किया। आयोजन के समाचार प्रकाशित करने वाले समाचार पत्र न बांटने तक की बात हुई। इतने में भी प्रशासन ने अपनी हठधर्मिता में कोई कमी नही आई।

### इनका कहना...

स्थानीय पत्रकारों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत भी करवाया गया था की उक्त कार्यक्रम में पत्रकारों की उपेक्षा की जा रही है। इसके साथ ही कई अन्य शासकीय कार्यक्रम में भी पत्रकारों को सम्मान नहीं दिया जाता है। जानकारी होने के बावजूद भी प्रशासन ने पत्रकारों को सम्मान देना उचित नहीं समझा इसलिए कार्यक्रम के बहिष्कार का निर्णय लेना पड़ा।

**लक्ष्मीनारायण मांदलिया, अध्यक्ष संपादक संघ, मंदसौर**

### पत्रकारों को हर बार लड़ना पड़ता हैं...

यह कोई पहली बार नहीं है की पत्रकारों को अपने सम्मान के लिए लड़ना पड़ रहा हे पहले भी कई ऐसे आयोजन हुई हैं, जिनमें पत्रकारों को स्वयं के सम्मान के लिए भी संघर्ष करना पड़ा है। प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों ने पत्रकारों को सम्मान देना उचित नहीं समझा। इसलिए कार्यक्रम का बहिष्कार किया है।

**प्रकाश शर्मा, पत्रकार सीतामऊ**





# मान्यता के लिए रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट की शर्त का विरोध, निजी विद्यालय रहे बंद

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित प्रदेश में गुरुवार को एमपी बोर्ड के पहली से आठवीं कक्षा तक के प्राइवेट स्कूल बंद रहे। बंद का आह्वान एमपी बोर्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने किया था। मान्यता के नियम में रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट की शर्त के विरोध में बंद बुलाया गया था।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सभी संगठनों ने फैसला लिया है कि 30 जनवरी को प्रदेश के सभी एमपी बोर्ड के स्कूल बंद रहेंगे। पहली से आठवीं क्लास तक की मान्यता के नियम में जो रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट की बात की गई है, उस पर दोबारा विचार किया जाए। उसका समाधान निकाला जाए। क्योंकि, 31 जनवरी मान्यता की आखिरी तारीख है। उन्होंने कहा- प्रदेश के सभी जिलों के संगठनों ने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिक्षा मंत्री और सीएम तक अपनी बात पहुंचा दी है। लेकिन, अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। पदाधिकारियो ने कहा कि हम किसी लॉ या सरकार का विरोध नहीं कर रहे हैं। लेकिन, रजिस्टर्ड किराया नामा प्रैक्टिकल नहीं है। कई स्कूल किराए की बिल्डिंग में चलते हैं। तीन साल या पांच साल का रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट करने में परेशानी आ रही हैं। जो स्कूल पहले से चल रहे हैं, उन्हें इस नियम से बाहर रखा जाए। ग्रामीण क्षेत्र, कृषि भूमि, दान की जमीन पर जो स्कूल हैं, वहां रजिस्टर्ड किराए नामे में दिक्कत आ रही है, यह तकनीकी दिक्कत है।

### यह है प्रमुख मांगें...

✻ 8वीं कक्षा तक के स्कूलों की मान्यता के लिए रजिस्टर्ड किरायानामे की शर्त निरस्त की जाए। ✻ पहले की तरह नोटरी किरायानामा लागू किया जाए। ✻ मान्यता के लिए 40 हजार रुपए की सुरक्षा निधि लेने पर रोक लगे। ✻ शिक्षा का अधिकार अधिनियम की राशि समय पर दी जाए। ✻ मान्यता शुल्क में की गई वृद्धि को समाप्त किया जाए।

## दलौदा के दिव्यांग कर्मी की ट्रेन से गिरकर मौत

**नीमच, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक दिव्यांग सरकारी कर्मचारी की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। उसका शव बघाना थाना क्षेत्र के दुदरसी ब्रिज के पास रेलवे ट्रैक के समीप झाड़ियो में मिला। इसकी पहचान मंदसौर जिले के दलौदा निवासी नंदराम डांगी के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक हाथ से दिव्यांग नंदराम जावद के छात्रावास में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। वह हर दिन दलौदा से नयागांव तक ट्रेन से आया-जाया करते थे। 27 जनवरी को शाम 4:30 बजे वह नयागांव स्टेशन से इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस में दलौदा के लिए रवाना हुए थे। घर नहीं पहुंचने पर परिजन दो दिन तक उनकी तलाश करते रहे। दुदरसी ब्रिज के पास रेलवे ट्रैक के समीप झाड़ियों में एक शव मिलने की सूचना पर बघाना पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा बनाने के बाद शव को बड़े अस्पताल ले जाया गया, जहां मृतक की पहचान नंदराम के रूप में हुई। गुरुवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फरवरी के दूसरे ही दिन बारिश की संभावना, तापमान में बढ़ोतरी नहीं

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल के मौसम में आगामी दिनो में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी की शुरुआत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 02 फरवरी को कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

वर्तमान में जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। आज 31 जनवरी और 01 फरवरी को तापमान बढ़ा हुआ रहेगा। लेकिन, पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने के बाद ठंड का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट देखी जा सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 01 और 03 फरवरी को दो नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होंगे, जिनका प्रभाव प्रदेश के पश्चिमी-उत्तरी हिस्से पर पड़ेगा। इसके अलावा, पश्चिम-उत्तर भारत में 12.6 किलोमीटर की उंचाई पर जेट स्ट्रीम हवाएं 278 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। साथ ही एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम भी सक्रिय है, जो मौसम को प्रभावित कर सकता है।

### फिर गिर सकता है तापमान...

मंदसौर सहित समुचे प्रदेश में 02 फरवरी से ठंड का असर फिर बढ़ सकता है। रात का पारा 02 से 03 डिग्री तक लुढ़क सकता है। वहीं, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से ग्वालियर-उज्जैन संभाग में बारिश का अलर्ट भी है। इससे पहले कड़ाके की सर्दी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक 02 फरवरी को मालवा के उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास के साथ ही गुना, अशोकनगर और शिवपुरी में हल्की बारिश हो सकती है। इसी दिन से प्रदेश में ठंड भी बढ़ेगी। इससे दिन-रात के तापमान में 02 से 03 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।

### धूप में तेजी, कई शहरों में तापमान 31 डिग्री पार...

धूप तीखी होने से प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को दिन में गर्मी का एहसास हुआ। इससे तापमान 31 डिग्री के पार पहुंच गया। मंडला में सबसे ज्यादा 32 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, बैतूल, नर्मदापुरम, रतलाम, उज्जैन, सिवनी में पारा 31 डिग्री या इससे अधिक रहा। इसी तरह भोपाल, धार, गुना, इंदौर, खरगोन, सागर में तापमान 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया।

## विंग और नरेंद्र – महेंद्र तथा 27 पेटी...

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।**




पुलिस की एक विंग ने पेटलावद के नरेंद्र और महेंद्र को काम में लिया। उनसे एक बना के जरिये 27.50 पेटी वसूलने की जानकारी चौपाल पर चल रही हैं। भरोसेमंद सूत्रों से मिली जानकारी पर भरोसा करें तो अविभाजित जिले की विंग के कारिंदो ने दलौदा थाना क्षेत्र के पेटलावद के नरेंद्र और महेंद्र को उठाया और फिर साढ़े सत्ताइस पेटी में खड़ा तोड़ कर लिया। इस मामले में सेंगर और पिंटू की मिली भगत की बात कही जा रही हैं। देखना यह हैं की विंग के आला अधिकारी इस मामले में क्या एक्शन लेते हैं?

# प्रेमिका के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**सीतामऊ, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय: अपर सत्र न्यायाधीश सीतामऊ द्वारा आरोपी तूफान पिता बापूलाल बागरी उम्र 24 साल निवासी बागरी खेड़ा थाना सुवासरा को प्रेमिका की गला दबाकर हत्या करने के मामले में दोषी पाते हुए धारा 302 भादवि में सश्रम आजीवन कारावास व 5 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

दरअसल होटल मोती महल सुवासरा का सफाई कर्मी प्रेमचंद रोजाना की तरह सुबह 10 बजे होटल में साफ सफाई का काम कर रहा था तभी कमरा नंबर 108 से लड़ाई झगड़ा एवं चिल्ला चोट की आवाज आई। इस दौरान एक व्यक्ति कमरे से बाहर निकलकर चला गया। इसके बाद जब प्रेमचंद कमरे में सफाई के लिए पहुंचा तो एक महिला अचेत अवस्था में पड़ी थी। इसके बाद सुवासरा पुलिस को जानकारी दी गई। जांच करने पर पता चला कि महिला की मौत हो चुकी है। जांच के दौरान सूचनाकर्ता प्रेमचंद, गोपाल बागरी एवं मृतिका के भाई भारत से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतिका 09 माह पूर्व अपने पति को छोड़ अभियुक्त तूफान के साथ भाग गई थी। दोनों सीकर राजस्थान में पति पत्नी की तरह रह रहे थे।

### कथन करवाने आया था आरोपी...

मृतिका के परिजनों द्वारा ममता की गुमशुदगी दर्ज कराई गयी थी। जिसके संबंध में अभियुक्त तूफान मृतिका ममता के कथन कराने हेतु 08 मार्च 2023 को सुवासरा आया था। यहां होटल मोती महल में रुका था। 09 मार्च को पुलिस होली के कारण कथन लेखबद्ध नहीं हो पाए। इसी दौरान दस मार्च को दोनों में विवाद हुआ और तूफान ने ममता की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने अभियुक्त तूफान के विरूद्ध धारा 302 भादवि का मामला थाना सुवासरा पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### न्यायालय ने सुनाई सजा...

प्रकरण में अनुसंधान की संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय द्वारा की गईं अनुसंधान में सहयोग उपनिरीक्षक विकास गेहलोत, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मणसिंह, प्रधान आरक्षक मनीष लबाना, प्रधान आरक्षक दिलीप नागर, आरक्षक मोकम सिंह, आरक्षक मनीष पाटीदार, आरक्षक जुगल किशोर एवं आरक्षक गोविंद सिंह द्वारा किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश श्री मुनेन्द्र सिंह वर्मा सीतामऊद्वारा अभियोजन की ओर से प्रस्तुत तथ्यों एवं तर्कों के आधार पर आरोपी तुफान पिता बापूलाल बागरी उम्र 24 साल निवासी बागरी खेड़ा थाना सुवासरा को प्रेमिका की गला दबाकर हत्या करने के मामले में दोषी पाते हुए धारा 302 भादवि में सश्रम आजीवन कारावास व 5 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन अपर लोक अभियोजक विजय कुमार पाटीदार (गरोठ-सीतामऊ) एवं एडीपीओ एसआर गरवाल द्वारा किया गया।

मामला आंगनवाड़ी सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं की भर्ती का...

# फर्जी विज्ञापन: वैकेंसी के नाम पर गुमराह कर रहे लोगों को

## अधिकारी बोले-कोई वैकेंसी नहीं निकली

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** फर्जी वैकेंसी के चक्कर में कई लोग साइबर फ्राड के शिकार हो चुके हैं। एक बार फिर मामला महिला बाल विकास विभाग का सामने आया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की कोई वैकेंसी नहीं निकाली है। इसके बाद भी सरकारी जॉब्स की जानकारी आमजन तक पहुंचाने वाली एमपी कॅरियर डॉट इन वेबसाइट पर कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की भर्ती बता रखी है। इससे महिलाएं परेशान हो रही हैं और ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कियोस्क सेंटर पहुंच रही हैं। इससे एमपी ऑनलाइन और कियोस्क सेंटर वाले भी परेशान हैं। विभाग का कहना है कि किसी भी तरह की कोई भर्ती नहीं निकाली है। यह विज्ञापन गलत है।




इस वेबसाइट पर रतलाम के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 45 सहित संभाग के 179 पदों के लिए वैकेंसी बताई गई है। संभाग के सभी जिलों के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के रिक्त पद बताए गए हैं। वहीं संभाग में सिर्फ मंदसौर में ही दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और छह सहायिकाओं के पद बताए गए हैं। इस वैकेंसी में अन्य जगहों के लिए मिनी आंगनवाड़ी के लिए भी भर्ती के पद लिखे हैं। जबकि मिनी आंगनवाड़ी तो बंद हो गई हैं। इसके बाद भी मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद भी बताए गए हैं। इधर इसकी शिकायत विभाग को भी मिल रही है। इससे विभाग अब वेबसाइट के खिलाफ साइबर सेल को शिकायत कर रहा हैं। ताकि संबंधित के खिलाफ फर्जी विज्ञापन जारी करने पर कार्रवाई की जा सके।

### सुपरवाइजर की थी वैकेंसी, तारीख निकल गई...

विभाग ने सुपरवाइजर के पदों के लिए भर्ती निकाली थी। वे भी प्रदेश स्तर की निकली थी। कुल 2400 पदों के लिए निकली इस भर्ती के लिए भी आवेदन करने की आखिरी तारीख 26 जनवरी थी, जो निकल चुकी है। इसके अलावा विभाग की फिलहाल कोई भर्ती नहीं निकली है। ना तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की निकली है और ना ही सहायिकाओं की निकली है।

### विभाग गए, लेकिन वहां बताया कि कोई भर्ती नहीं निकली...

रीना पाटीदार और कुसुम जैन सहित कुछ महिलाओं ने बताया कि आंगनवाड़ी की भर्ती की जानकारी मिली थी। इससे महिला एवं बाल विकस विभाग में गए थे। वहां बताया गया कि फिलहाल कोई भर्ती नहीं निकली है। यदि निकलेगी तो जानकारी दी जाएगी। वहीं नपा क्षेत्र में भी चस्पा कर देंगें। इसके अलावा समाचार पत्रों में भी प्रकाशित होगी।

### इनका कहना...

विभाग से कोई भर्ती नहीं निकाली गई है। भर्ती निकलेगी तो इसकी जानकारी दी जाएगी। नियमानुसार समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाएगा।

**पीसी चौहान, महिला बाल विकास अधिकारी, मंदसौर**

रजि. नं.-1231/1995

## इकबाल हुसैन मंसूरी, एडव्होकेट

10, रोशन कॉलोनी, नाहर सैय्यद दरगाह के सामने मंदसौर
जिला-मंदसौर (म.प्र.) 458001 मो. 9329435125

## ✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻

मेरे पक्षकारगण मनीष पिता केशरीमल जी सोनी एवं श्रीमती सुनीता पति मनीष सोनी, निवासी-मंदसौर से प्राप्त माहिति एवं निर्देशानुसार जाहिर सूचना का प्रकाशन किया जाता है कि ग्राम बीड़ पीथाखेड़ी तहसील व जिला मंदसौर स्थित विवादित सर्वे क्रमांक 19/1 रकबा 0.50हे. एवं 19/2 रकबा 1.59हे. तथा सर्वे क्रं.-35/1 रकबा 1.09हे. कुल रकबा-3.18हे. के सम्बंध में मेरे पक्षकारगण ने माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर के समक्ष द्वितीय अपील प्र.क्र.-297/2018 प्रस्तुत कर रखी है जो माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है, जिसमें अभी कोई अंतिम निर्णय पारित नहीं हुआ है। उक्त विवादित एवं न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण की ग्राम बीड़ पीथाखेड़ी स्थित भूमि को चुन्नीलाल पिता केशरीमल जैन एवं श्रीमती चंद्रकांता पति चुन्नीलाल जैन, निवासी-दशरथ नगर, मंदसौर विक्रय, आदि माध्यम से अंतरण करना चाहते हैं, जबकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में यथास्थिति का आदेश पारित कर रखा है एवं मौके पर आधिपत्य मेरे पक्षकारगण का है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त विवादित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार क्रय-विक्रय या करार, आदि करके विवाद में ना पड़े, अन्यथा माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय उस पर बंधनकारक होकर जिम्मेदार स्वयं होगा। सो सूचित हो।

दिनांक-31.01.2025

भवदीय
इकबाल हुसैन मंसूरी, एडवोकेट मंदसौर

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुफ्त की योजनाओं के लगे ढेर में से मतदाताओं को चुनना है एक

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अन्ना हजारे के दिल्ली में आंदोलन के बाद 10 वर्ष पूर्व आम आदमी पार्टी का देश की राजनीति में उदय हुआ जब वर्षों र्तक बीजेपी और कांग्रेस ने दिल्ली की जनता की बिजली और पानी की समस्या की और ध्यान नहीं दिया। पहली बार चुनाव मैदान में आप पार्टी और उस ने पर्याप्त बिजली और पानी के साथ ही इनके बिल भी माफ करने की घोषणा की।बस क्या था, दिल्ली की जनता ने इस पार्टी को पलकों पर बिठा लिया लेकिन इस बार 2025 के दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आप पार्टी से बढ़कर बीजेपी व कांग्रेस ने भी मुफ्त की योजनाओं की घोषणाओं का मतदाताओं के सम्मुख ढेर लगा दिया।यह कहा जा सकता हे कि अब अरविन्द केजरीवाल का सत्ता तक पहुंचने का रास्ता मुफ्त की योजनाओं के साथ आसान नहीं कहा जा सकता लेकिन ये मतदाता और ये चुनाव हे भैया।पहले केजरीवाल को आरोपों का भी सामना नहीं करना पड़ा था। उन्होंने शासन में कई सादगी अपनानेकी कहा था। उन परशराब कांड में भ्रष्टाचार, मुख्यमंत्री आवास को शीशमहल जैसा बनाने और अन्य कई भ्रष्टाचार के आरोपों का भी सामना करना पड़ रहा है । फिर भी मतदाता मुफ्त की घोषणाओं से किस राजनीतिक दल की घोषणाओं को अपने लिए ज्यादा लाभप्रद मानते हे यह परिणाम से पता चल सकेगा।

दिल्ली दूर नहीं ,वाकई में दिल्ली दूर नहीं है। नई दिल्ली भारत की राजधानी है और वही दिल्ली विधानसभा के चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान व 8 फरवरी को परिणाम की घोषणा होने जा रही है। सभी राजनीतिकदलों के वरिष्ठनेता भी यही उपलब्ध है और चुनाव भी व यही। मुफ्त की घोषणाओं के लगे ढेर , इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा अपनाई गई शैली एक उदाहरण ही नहीं आगे चलकर वह गले की फांस बनेगी या इसे तो वे निकल जाएंगे यह वक्त पर पता चलेगा। दिल्ली विधानसभा के पिछले दो चुनाव में अरविंद केजरीवाल की मुफ्त की योजनाओं के सामने कोई मुकाबले में नहीं था लेकिन 2025 के दिल्ली विधानसभा के चुनाव में मुफ्त की योजनाओं की राजनीतिकदलों की गठरिया भरी पड़ी है जिसकी जो मर्जी हो उठा लो। आगे इससे राजनीतिक दलों की नींद उड़ेगी या नई खोज नागरिकों को देखने को मिलेगी वक्त पर पता चलेगा। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर प्रमुख राजनीतिक दल आप, बीजेपी, कांग्रेस , एनसीपी,बीएसपी के अलावा कुल 699 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं ।पिछले चुनाव में आपने 70 में से 62 सीटे जीत कर एक रिकॉर्ड बनाया था जबकि भाजपा मात्र 8 सीटों पर सिमटकर रह गई थी ।पिछले दो चुनाव में आप पार्टी ने दिल्ली के लोगों की बिजली, पानी की समस्या को हाथों हाथ लिया लेकिन भाजपा,कांग्रेस तो समझ ही नहीं पाई बल्कि इस समस्या को वह अपनेतरीके से समझ कर देखा अनदेखा करते रहे । दिल्ली के मतदाताओं ने फिर भी अपनी परिपक्वता का परिचय विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में अंतर समझ कर दिया। आप पार्टी के बिजली पानी की समस्या से दिल्ली के लोगों को थोड़ी तो रहता तो मिली होगी। भाजपा कांग्रेस ने भी देख लिया कि इस राहत से सरकार का दीवाला थोड़ी निकल गया। आगामी 5 फरवरी 2025 को होने जा रहे दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान में एक करोड़ 55 लाख से अधिक मतदाता है जो अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे इनमें पुरुष 83.49 लाख व महिला 71.74 लाख तथा



महावीर अग्रवाल

मतदाता 22.89 लाख । पहली बार मतदान करने जा रहे 2.08 लाख युवा मतदाता है 100 साल से ऊपर के मतदाता 830 है। 13000 से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए गए हैं ।आप व कांग्रेस ने 70- 70 उम्मीदवार जबकि भाजपा ने 68 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। एनसीपी ने 30 उम्मीदवार और नई दिल्ली सीट ऐसी है जहां से सर्वाधिक 23 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं 1993 के बाद दिल्ली में भाजपा सत्ता में नहीं आई है ।कांग्रेस के लिए तो दिल्ली के राजनीति का मैदान सूखा के समान है। उसमें कांग्रेस की कड़ी मेहनत कर पुन: सत्ता के लिए प्रयास कर रही है। चुनाव मैदान में वह भी डटे हैं जिन्होंने अपराधी के व गंभीर आपराधिक मामलों को लेकर जानकारी दी है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 50% से अधिक मत मिले थे लेकिन फिर भी दो विधानसभा चुनाव में बीजेपी हारी लेकिन बीजेपी ने हार पर मंथन नहीं किया।

भाजपा व कांग्रेस का सबक तो सामने नहीं आया लेकिन एनडीटीवी वह सीएसडीएस द्वारा 24 मार्च 2023 को किए गए सर्वे की रिपोर्ट सामने आई उसके अनुसार मुफ्त बिजली पानी को 57 फ़ीसदी लोगों ने गरीबों के लिए जरूरी बताया वही 30 लोगों ने इसे इकोनॉमी पर बोझ माना है। केजरीवाल ने उस समय दिल्ली के लोगों की समस्या को समझ व उसे हाथों हाथ लिया और वहां के लोगों ने भी उन्हें सत्ता के लिए बहुमत प्रदान कर पलकों पर बिठा लिया लेकिन 2025 का विधानसभा चुनाव कोई आसान नहीं दिख रहा है ।इसमें आम आदमी पार्टी की तरह भाजपा व कांग्रेस भी मुफ्त की योजनाओं की संदूकें भरकर मतदाताओं के सामने रख मतदाताओं को कौन से राजनीतिक दल की मुफ्त की योजनाओं से बड़ी संदूक अच्छी लगती है ।किसका भारी वजन है। वह परिणाम उस समय पता चलेगा लेकिन एक बात स्पष्ट है अबकी बार मुफ्त की योजना एक ही राजनीतिक दल की नहीं है और बीजेपी वो कांग्रेस की भी भरी पड़ी है। जरा खोलकर तो देखो परिणाम पर पता चल सकेगा।





# भारत साहित्य की दृष्टिसे समृद्ध राष्ट्र हैं-केंद्रीय मंत्री शेखावत

**✲ साहित्य महोत्सव इतिहास, साहित्य और पर्यावरण का अनुपम संगम है-प्रभारी मंत्री ✲ इस धरा पर पग-पग पर वैभव संस्कृति है-सांसद ✲ छोटी काशी अपनी पहचान प्रदेश के साथ पूरे देश में करेगी-विधायक डंग ✲ साहित्य महोत्सव से मंदसौर का पर्यटन नक्शा देश के सामने उभर कर आएगा-कलेक्टर ✲ सीतामऊ साहित्य महोत्सव का जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने नटनागर शोध संस्थान पैलेस गार्डन में शुभारंभ किया**

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊमें तीन दिवसीय सीतामऊसाहित्य महोत्सव का शुभारंभ प्रात: 10:30 बजे नट नागर शोध संस्थान पैलेस गार्डन में केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (वर्चुअल माध्यम से), प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, विधायक श्री हरदीप सिंह डंग, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, अन्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, प्रशासनिक अधिकारियों ने सीतामऊसाहित्य महोत्सव का शुभारंभ किया। साहित्य महोत्सव 1 फरवरी तक चलेगा। अपनी साहित्यिक विरासत को लेकर प्रसिद्ध छोटी काशी नगरी सीतामऊ अपनी वैभवशाली संस्कृति का गान करेगी। शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनु प्रिया विनीत यादव, नगर परिषद अध्यक्ष श्री मनोज शुक्ला, गरोठ नगर परिषद अध्यक्ष श्री सेठिया, अनील पांडे सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, सीतामऊ एसडीएम श्रीमती शिवानी गर्ग अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारी, बड़ी संख्या में वक्ता, विद्यार्थी, पत्रकार मौजूद थे।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत वर्चुअल माध्यम से जुड़े तथा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी को अपना संबोधन प्रदान किया। संबोधन देते हुए उन्होंने कहा कि भारत साहित्य की दृष्टिसे समृद्ध राष्ट्र हैं। भारत की विराट संस्कृत में अनेक परंपरा है। हमारा वर्षों र्का लिखित इतिहास है। भारत से ईर्ष्या रखने वालों ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को जलाया। लेखन की परंपरा को बाधित किया। लेकिन फिर से लिखित परंपराओं का सृजन हुआ। कलम के धनी लेखकों ने भारत को सन्मार्ग दिया। भारत की संस्कृति हजारों साल पथ प्रदर्शन करती रहेगी। रामचरितमानस ने सनातन परंपरा को निरंतर बनाने में बहुत बड़ा योगदान दिया। सनातन की परंपरा को अक्षुण्ण बनाया। आजादी को दिशा प्रदान की। हमारा भारत का 3 हजार साल से पुराना लिखित इतिहास है। कुंभ भारतीय को भारतीयता प्रदान करती है। पवित्र और ऊर्जावान धरती पर यह आयोजन हो रहा है। साहित्यकारों को इस आयोजन से एक प्रेरणा मिलेगी। सभी इस साहित्य सृजन में जुटे। प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने संबोधन देते हुए कहा कि साहित्य महोत्सव इतिहास, साहित्य और पर्यावरण का अनुपम संगम है। मंदसौर इतिहास की धरोहर है। पुरातत्व की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस महोत्सव से सभी कुछ न कुछ सीख कर जाएंगे। सभी को ज्ञान और अनुभव मिलेगा। साहित्य, इतिहास, कला, पर्यावरण आदि क्षेत्र से जुड़ी देश की जानी मानी हस्तियों की उपस्थिति में आयोजन हो रहा है। इसका सभी लाभ ले। विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत देश की प्रमुख हस्तियां इसमें शामिल हों रही है। यह महोत्सव ज्ञान का सागर है।

सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि मंदसौर की धरा पर हर पग पग पर वैभव संस्कृति है। विश्व का पहला लिखित विज्ञापन मंदसौर सूर्य मंदिर की शिला पर लिखा हुआ है। मंदसौर इतिहास और संस्कृति का अद्भुत क्षेत्र है। यहां पुरातत्व की दृष्टिसे भी बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है। धमनार में बौद्ध गुफाएं, धर्मराजेश्वर मंदिर क्षेत्र को प्रदेश और देश से अलग पहचान देता है। क्षेत्र को स्वदेश दर्शन सर्किट से जोड़ा गया है। 30 करोड रुपए की लागत से शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। साहित्य महोत्सव से मंदसौर, सीतामऊ क्षेत्र के साहित्य को जानने, पहचानने, अनुभव करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिला है। विधायक हरदीप सिंह डंग द्वारा कहा गया कि छोटी काशी की पहचान पूरे प्रदेश के साथ-साथ अब देश में भी बनेगी। साहित्य वह है जिसमें सबका हित हो, साहित्य वह दर्पण है, जो हमें सिखाता है। सही क्या है और गलत क्या है। नट नागर शोध संस्थान में एशिया की सबसे बड़ी पुस्तकालय हैं। जहां पर 6 हजार पांडुलिपिया हैं। साहित्य मानसिक विकास बढ़ाने का काम करता है। साहित्य संस्कृति संरक्षण करने का काम करता है। कलेक्टर श्रीमती गर्ग द्वारा कहा गया कि सीतामऊसाहित्य महोत्सव के माध्यम से मंदसौर के पर्यटन का नक्शा देश के सामने उभर कर आएगा। तीन दिवसीय आयोजन के माध्यम से मंदसौर का इतिहास और संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। पशुपतिनाथ मंदिर, शैल चित्र, धर्मराजेश्वर मंदिर, इतिहास, पर्यावरण का मंदसौर महासंगम है। मंदसौर के पर्यटन को समझना है तो यहां आकर रहे, उसे देखे। व्यक्ति को यहां पर रुकना चाहिए। उसका अनुभव करना चाहिए। मंदसौर, सीतामऊ के साहित्य और इतिहास को जानने व समझने का एक मंच दिया गया है। इसके माध्यम से मंदसौर पर्यटन का नक्शा देश के सामने उभर कर आएगा। कार्यक्रम के दौरान शहीद दिवस पर शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने साहित्य महोत्सव में लगाई गई फोटो गैलरी का अवलोकन किया। साथ ही सिक्कों की प्रदर्शनी, साहित्य की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उसके पश्चात नट नागर शोध संस्थान में स्थापित लाइब्रेरी का अवलोकन किया।

## साहित्य महोत्सव के दौरान चक्रधर ने इतिहास और साहित्य एवं पूर्व सांसद सिंह ने भारतीय ज्ञान परम्परा पर व्याख्यान दिए

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊसाहित्य महोत्सव के दौरानवक्ता श्री अशोक चक्रधर ने इतिहास और साहित्य के विषय पर व्याख्यान दिया। राजस्थान के पूर्व राज्यसभा सांसद श्री ओंकार सिंह लखावत ने भारतीय ज्ञान परम्परा के विषय पर व्याख्यान दिया। दोनों के व्याख्यानों ने दर्शकों के मन को मोह लिया। वक्ता श्री चक्रधर ने कहा कि, मानव की गाथाएं अनंत हैं। जैन ग्रंथों में दशपुर पर बहुत कुछ लिखा है। श्री चक्रधर ने शेर, शायरी, कविता, स्वतंत्रता, गणतंत्र, तिरंगा, झंडा, प्रकृति, पर्यावरण आदि विषयों पर कविताओं की ओर व्याख्यान दिए। तत्पश्चात श्री ओंकार सिंह लखावत ने भारतीय ज्ञान परम्परा के विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि ज्ञान परंपरा यह देश की परंपरा है। आज देश दुनिया में बढ़ रही है। सर्वोत्तम जीने की कला भारतीय अधिष्ठान से सीखी जा सकती है। ज्ञान और शास्त्र हमारे आदर्श हैं। शास्त्र व्याख्या करने के लिए लिखे गए हैं। सीतामऊ ज्ञान का सर्वोच्च भंडार है। सीतामऊसाहित्य महोत्सव में डॉ. उदय कुलकर्णी द्वारा मराठों के इतिहास के विषय पर व्याख्यान दिया। अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर के संस्थापक प्रो. श्री आरसी ठाकुर द्वारा मुद्राशास्त्र और सिक्कों की यात्रा का प्रदर्शन के विषय पर व्याख्यान दिया। स्कूल के छात्रों द्वारा शिक्षा का महत्व पर नाटक प्रदर्शन किया। पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त टीसीए श्री राघवन आईएफएस (सेवानिवृत्त) द्वारा 'इतिहास पुरुष' पुस्तक पर चर्चा की।

## सीसी रोड निर्माण के लिए रखी मशीन व सामग्री चोरी

**पिपलियामंडी, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीसी रोड सडक निर्माण के लिए पडी सामग्री व मशीन चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज किया। नारायणगढ देवरा चौक निवासी महिपाल पिता ईश्वरलाल गुर्जर ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि नारायणगढ में मनासा मार्ग पर सीसी रोड का कार्य चल रहा है। उपयोग में होने वाली मशनरी व सेटिंग, सर्टिंग का सामान अस्थाई शेड में रखा था। बीती रात्रि अज्ञात बदमाश निडील की मोटर, फ्लोडर नामक मशीन कीमत करीब डेढ लाख रुपए चोरी हो गए। फरियादी ने कार्य करने वाले प्रतापगढ जिले के मजदूर कैलाश व कालू पर चोरी की शंका जताई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया।

## आज रामटेकरी डबल स्टोरी मल्टी के सामने शिविर लगेगा

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला सीएमओ सुधीर कुमार सिंह राजस्व एवं वित्त समिति सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार ने बताया कि आज दिनांक 31 जनवरी 2025 शुक्रवार को प्रात: 10:30 से 5:00 तक रामटेकरी डबल स्टोरी मल्टी के सामने नगर पालिका राजस्व वसूली शिविर लगाया जाएगा इस शिविर में वार्ड क्रमांक 22, 37 व 38 के नागरिकों के लिए राजस्व जमा करने की सुविधा रहेगी आम नागरिकों से नगर पालिका परिषद आग्रह करती है कि वह दिनांक 31 जनवरी 2025 शुक्रवार को प्रात: 10:30 से 5:00 बजे तक रामटेकरी डबल स्टोरी मल्टी के सामने आकर अपने बकाया संपत्ति कर समेकित कर शिक्षा उपकर नगरीय विकास उपकर एवं स्वच्छता कर की राशि जमा कराये।

## केरियर मार्गदर्शन शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमली ईस्तमुरार(मनासा) में केरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ मार्गदर्शक श्री सुरेश पाटीदार संस्था प्राचार्य कन्हैयालाल पाटीदार व स्टाफ सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया। जीवन में शिक्षा संस्कार और रोजगार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को भावी कैरियर के बारे में समझाइए दी गई। कैरियर मार्गदर्शन देते हुए श्री सुरेश चंद्र पाटीदार शिक्षक ने बच्चों को शिक्षा संस्कार और रोजगार के लिए तैयारी करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार जरूरी है इस विषय पर भी छात्रों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर श्री मनोहर धनगर जी, दीपक सोलंकी जी, मनोहर जी पाटीदार प्राचार्य श्री कन्हैयालाल पाटीदार व स्टाफ सदस्यों ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया श्री सुरेश पाटीदार द्वारा हस्तलिखित अंग्रेजी ग्रामर पुस्तक पुस्तकालय के लिए प्राचार्य को भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक सोलंकी ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्री बसेर जी ने माना।



## कलेक्टोरेट में स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी

**नीमच, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 30 जनवरी 2025 को स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड की उपस्थिति में शहीद दिवस पर प्रात:11 बजे कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों की याद में दो-मिनट का मौन रखकर, श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर संयुक्त कलेक्टर श्री सुश्री प्रीती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, श्री चंद्रसिंह धार्वे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रख कर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की।

## कुष्ठ जागरूकता अभियान अंतर्गत निकाली रैली



**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत अभियान के तहत जिला मंदसौर राष्ट्रीय कुष्ठउन्मूलन कार्यक्रम के तत्वाधान में चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 के तहत नर्सिंग स्टूडेंट एवं उषा कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ द्वारा जन जागृति रैली का आयोजन किया गया इस अवसर पर 30 जनवरी प्रात: 11:00 बजे प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस जी सूर्यवंशी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं 2 मिनट का मौन धारण करवाया गया तथा कुष्ठरोग को समाप्त करने का संकल्प दिलाया गया कार्यक्रम के इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर आर. एस. तँवर, डॉक्टर एम. एल. कश्यप, नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य सहित स्टाफ एवं श्री कमलेश दंडोतिया, श्री महेश सकवार, श्री यशपाल राठौर, श्री मनोज पांडे, श्री पवन दलोर आदि उपस्थित रहे।

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, 2 घायल

**पिपलियामंडी, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। नाहरगढ नई आबादी में पिकअप (एमपी 44 जीए 2199) ने बाइक (एमपी 14 एनए 3121) को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घाटाखेडी निवासी रोडूलाल पिता मांगीलाल बंजारा व कचनारा निवासी राजाराम बागरी घायल हो गए। जिन्हें शासकीय अस्पताल में उपचार के बाद मंदसौर रेफर कर दिया। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

### श्रेष्ठ सहायक शिक्षिका शोभा दुबे के सेवानिवृत्ति पर विशेष...

## जिन्होंने शिक्षा को सेवा मानकर समर्पण भाव से कार्य किया

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** संसार में भगवान के बाद यदि किसी को भगवान का दर्जा दिया जाता है तो वह डॉक्टर होता है (ये बात अलग है कि ये लोग भी पेशेवर हो गये, मौत के मुंह में से तो आपको बचा लायेंगे लेकिन आपकी जीवन भर की पूंजी इनकी भेंट चढ़ जाती है) इसी तरह गुरू को तो भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है। बलिहारी गुरू आपकी जो गोविन्द दियो बताये ।एक आध्यात्मिक गुरू होता है और एक शिक्षक जो कुम्हार की हांडी की तरह विद्यार्थी के जीवन को ढालता है। आज भी देव तुल्य डॉक्टर एवं गुरू तुल्य शिक्षक की कमी नहीं है। इसी तरह की एक शिक्षिका है श्रीमती शोभा राजेश दुबे जो आज 31 जनवरी 2025 को शासकीय विद्यालय सहायक शिक्षिका पद से 38 वर्ष 5 माह का सेवाकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो रही है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालागंज में उन्हें भावभीनी विदाई दी जाएगी। श्रीमती दुबे ने अपने सेवाकाल में बोतलगंज व बालागंज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपनी निर्बाध सेवाएं ही नहीं दी बल्कि सामाजिक एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी आपने कुशलता से निर्वाह किया। आपके पति राजेश दुबे सहायक परियोजना अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुई इनकी तीन पुत्रियों की शिक्षा दीक्षा में इन्होनें कोई कसर नहीं छोड़ी, आज तीनों पुत्रियां विवाह के बाद अपने-अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही है। श्रीमती शोभा जी दुबे के सेवानिवृत्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामना तथा आपके स्वस्थ जीवन के लिये मंगल कामनाएं।



## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भागीदारी निभायेगी बैंक सखी

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मंदसौर द्वारा बोतलगंज (मल्हारगढ) में सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र पर दो दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण का सम्पन्न हुआ । जिसमें बीमा सखी हेतु एल आई सी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आईटीसी क्रिसिल संस्था द्वारा योजना सखी की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत सभी पंचायत में पंचायत सखी, योजना सखी , बैंक सखी एवं बीमा सखी के रूप में कार्य करेगी। प्रशिक्षण में एसबीआई एवं एमपीजीबी बैंक के रिजनल मैनेजर एवं बैंक मैनेजर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में उत्कृष्टकार्य करने वाली बैंक सखियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में आजीविका मिशन से जिला परियोजना प्रबंधक अनिल कुमार मरावी एवं जिला प्रबंधक फोजिया करीम ने बताया की जिले में कार्यरत बैंक सखी एवं योजना सखी गांव-गांव में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूह के माध्यम से बैक से लोन दिलवा रहे हैं। साथ ही योजनाओ की जानकारी देगी। प्रशिक्षण में जिले की समस्त बैक सखी उपस्थित थी।

# आध्यात्मिक उन्नति और धार्मिक प्रगति का प्रभाव पूरे भारतवर्ष में देखने को मिलेगा-पं.उपाध्याय

**गुप्त नवरात्रि 30 जनवरी से 8 दिन तक चलेगी विशेष साधना, देवी उपासना का मिलेगा पांच गुना फल**

**नीमच/मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** माघ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर नवमी तिथि तक माघी गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। इस वर्ष गुप्त नवरात्रि 30 जनवरी से 6 फरवरी तक रहेगी। यह नवरात्रि देवी उपासकों और साधकों के लिए विशेष महत्व रखती है। इस दौरान उपासक अपनी साधना और उपासना के अनुसार विभिन्न मंत्रों एवं पाठों का जाप करते हैं। देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान भी आयोजित किए जाते हैं। इस बार षष्ठी और सप्तमी तिथि एक ही दिन पड़ने के कारण गुप्त नवरात्रि कुल आठ दिनों की होगी। माघ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर नवमी तिथि तक माघी गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। इस बार मां दुर्गा डोली/पालकी पर सवार होकर आएंगी। इसे शुभ नहीं माना जाता है। मान्यता है कि जब भी मां डोली या पालकी पर सवार होकर आती हैं तब देश में प्राकृतिक आपदा, आसमानी आफत या बीमारी का खतरा होता है। दरअसल, सनातन धर्म में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। सालभर में दो गुप्त नवरात्रि, चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि सहित 4 नवरात्रि मनाई जाती है।



ज्योतिषाचार्य पं. शैलेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ 30 जनवरी, गुरुवार से होगा और पूर्णाहुति 6 फरवरी, गुरुवार को होगी। शुभ दिन पर नवरात्रि का आरंभ और समापन होना सकारात्मक संदेश देता है, जिससे आध्यात्मिक उन्नति और धार्मिक प्रगति का प्रभाव पूरे भारतवर्ष में देखने को मिलेगा। इसके अलावा, वृद्धजनों को रोग दोष से मुक्ति मिलेगी और उनके सेहत में शीघ्र सुधार होगा। 9 दिवसीय साधना के अंतर्गत गृहस्थ, संन्यासी, योगी, साधक और उपासक अपनी संकल्प सिद्धि के लिए सप्तशती के पाठ, श्रीमद् देवी भागवत महापुराण, तथा दिव्य मंत्रों के अनुष्ठान गुप्त रूप से करते हैं।

**15 दिन में प्रमुख तीज-त्योहार भी रहेंगे-** माघ मास का शुक्ल पक्ष 15 दिवस का रहेगा। इन 15 दिनों में एक तिथि का क्षय होगा। शुक्ल पक्ष में अलग-अलग प्रकार के तीज त्योहारों का भी संयोग रहेगा। जिसके अंतर्गत 1 फरवरी को वरद तिल कुंद चतुर्थी पर गणपति का पूजन व 3 फरवरी को सरस्वती की प्रसन्नता के लिए माता सरस्वती का पूजन किया जाएगा। इसी दिन खटवांग जयंती भी रहेगी। वहीं 4 फरवरी को माँ नर्मदा के प्राकट्य उत्सव पर नर्मदा परिक्रमा की जा सकती है। इसी तरह 5 फरवरी को भीष्म अष्टमी व गुप्त नवरात्रि की अष्टमी रहेगी। यह पक्ष काल अनुकूल है और इस पक्ष काल में ग्रहों के योग संयोग भी अनुकूल फल प्रदान करेंगे।

**शुक्र और शनि के नक्षत्र परिवर्तन का प्रभाव-** ज्योतिषाचार्य पं. शैलेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि नवग्रहों में विशेष महत्व रखने वाले शुक्र और शनि इस दौरान नक्षत्र परिवर्तन करेंगे, जिससे कई क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। शुक्र 1 फरवरी को प्रात: 9 बजे उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इसका प्रभाव कृषि, कार्य क्षेत्र और कला जगत में उन्नति के रूप में दिखाई देगा। साथ ही, वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति की प्रतिष्ठा और प्रभाव बढ़ेगा। शनि 2 फरवरी को सायंकाल पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इससे व्यापार-व्यवसाय और कार्य की गति में तेजी आएगी। स्टार्टअप और तकनीकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेंगे, जिसका फायदा भारतीय अर्थव्यवस्था को होगा। इन ग्रह परिवर्तनों के कारण व्यवसायिक और आर्थिक दृष्टि से यह समय भारत के लिए अनुकूल रहेगा। गुप्त नवरात्रि के दौरान तांत्रिक और अघोरी मां दुर्गा की आधी रात में पूजा करते हैं मां दुर्गा की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित कर लाल रंग का सिंदूर और सुनहरे गोटे वाली चुनरी अर्पित की जाती है। इसके बाद मां के चरणों में पूजा सामग्री को अर्पित किया जाता है मां दुर्गा को लाल पुष्प चढ़ाना शुभ माना जाता है सरसों के तेल से दीपक जलाकर 'ॐ दुं दुर्गायै नम:' मंत्र का जाप करना चाहिए।

**गृहस्थ लोग इन दिनों में कुछ उपाय कर नकारात्मक ऊर्जा को दूर करे-** ज्योतिषाचार्यों पंडित शैलेन्द्र उपाध्याय के अनुसार, इन 4 कार्यों को अपनाने से जीवन में सकारात्मकता और सुख-समृद्धि बढ़ेगी। हमें बताया कि गृहस्थ लोग नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान कौन से ऐसे 4 काम कर सकते हैं, जिससे नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा पा सकें।

**दुर्गा सप्तशती का पाठ करें –** मां दुर्गा के कवच या दुर्गा सप्तशती का पाठ करें. इससे बुरी नजर और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

**दान करें –** जरूरतमंदों को अनाज, वस्त्र, आभूषण, तिल-गुड़ और कुमकुम का दान करें. यह घर में धन-संपदा और सुख-शांति लाता है।

**दीप प्रज्वलन –** घी का दीपक जलाकर मां दुर्गा का ध्यान करें. यह गृह दोष और वास्तु दोष को खत्म कर उन्नति के मार्ग खोलता है।

**लाल कपड़ा बांधें –** घर की पूर्व दिशा में लाल कपड़ा बांधे। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और पारिवारिक क्लेश खत्म होते हैं।

**देवी मां के पूजन से मिलेगी कष्टकारी ग्रहों से मुक्ति–**देवी मां की पूजन, हवन, वेद पाठ के उच्चारण से कष्टकारी ग्रह शनि, राहु और केतु से पीड़ित श्रद्धालुओं को लाभ होता है। दुर्लभ शक्तियों की प्राप्ति के लिए साधक महाकाली, तारा, भुवनेश्वरी, त्रिपुरसुंदरी, छिन्नमस्तिका, भैरवी, बगलामुखी, माता कमला, मातंगी देवी और धूमावती की साधना करते हैं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 30 | 2271 | 2501 |
| उडद | 37 | 3420 | 5102 |
| सोयाबीन | 3371 | 3650 | 4275 |
| गैहु | 1368 | 2850 | 3040 |
| चना | 110 | 46002 | 5761 |
| मसुर | 98 | 4600 | 6100 |
| धनिया | 535 | 5800 | 7151 |
| लहसुन | 16000 | 3000 | 13200 |
| मैथी | 506 | 4000 | 5501 |
| मुंगफली | 1366 | 3990 | 4800 |
| अलसी | 1047 | 5651 | 5870 |
| सरसो | 332 | 4469 | 5401 |
| तारामीरा | 1 | 4121 | 4150 |
| इसबगोल | 47 | 8501 | 12161 |
| प्याज | 6000 | 550 | 2065 |
| कलोंजी | 17 | 10800 | 16353 |
| तुलसी बीज | 17 | 12700 | 15616 |
| डॉलर | 20 | 6501 | 8200 |
| तिल्ली | 18 | 7800 | 9300 |
| जौ | 25 | 2424 | 2512 |
| मटरसुखी | 1 | 4452 | 4452 |
| असालीया | 72 | 7600 | 9000 |
| चियाबीज | 32 | 12750 | 15000 |

# प्राचार्य ने छात्र को पीटा, घूंसे मारकर हाथ मरोड़ा..?

## स्कूल में तालाबंदी, प्रशासन ने दिया जांच का आश्वासन

**नीमच, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम रेवली देवली में 9वीं के छात्र को प्राचार्य ने घूंसे मारे। उसका हाथ मरोड़ दिया। मामले में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रेवली देवली गांव के हायर सेकंडरी स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया। करीब एक घंटे तक प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी एमएम मांदरिया ने प्राचार्य राधेश्याम धाकड़ को हटाने की बात कही।

परिजन के मुताबिक बीते मंगलवार को 14 साल के छात्र से कथित रूप से खिड़की का कांच टूट गया था। इस पर प्राचार्य राधेश्याम धाकड ने छात्र के पिता को बुलाकर शिकायत की थी। पिता ने बच्चे को डांटा भी था। इसके बावजूद प्रिंसिपल ने बच्चे की पिटाई कर दी। छात्र ने बताया- प्राचार्य ने मुझे इतना मारा कि अपने हाथों से कोई काम नहीं कर पा रहा। बोलने में भी तकलीफ हो रही है। मैंने स्कूल की खिड़की का कांच नहीं तोड़ा, बेवजह सजा दी गई। जहां कैमरे नहीं लगे हैं, वहां ले जाकर सर ने पीटा। बुधवार दोपहर परिजनो ने कोतवाली पहुंचकर प्राचार्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया।

### कार्रवाई नहीं हुई, होगा उग्र आंदोलन...

अभाविप के जिला संयोजक शुभम शर्मा ने बताया कि बुधवार को प्राचार्य द्वारा छात्र से मारपीट की जानकारी मिली थी। इसके विरोध में सुबह 50 से ज्यादा कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे। स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया। आरोपी प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। करीब एक घंटे बाद जिला शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### डीईओ ने कहा, जांच कर करेंगे कार्रवाई...

जिला शिक्षा अधिकारी एसएम मांदरिया ने बताया कि घटना को लेकर बच्चों और परिजन से बात की है। छात्र के हाथ में चोट भी आई है। मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अटैच किया गया है।

### प्राचार्य बोले, बेवजह लगा रहे आरोप...

प्राचार्य राधेश्याम धाकड़ ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। सुबह स्कूल में ही छात्र के पिता ने उसे मारा था। हम स्कूल को बेहतर करना चाहते हैं। इसके लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। गंदगी से लेकर शिक्षा तक सभी चीजों में हमने सुधार किया है। मुझ पर बेवजह आरोप लगाए जा रहे हैं। बच्चे ने कल स्कूल का कांच फोड़ा था। यह सीसीटीवी में भी दिख रहा है। वह नाटक-नौटंकी कर रहा है।

# मौसम परिवर्तन: बच्चे हो रहे बीमार, सर्दी-खांसी का जोर

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित जिले के मौसम में बदलाव के चलते बीमारियों का प्रकोप अधिक हो रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों में सर्दी-खांसी के मामले बढ़ रहे हैं। इनको ठीक होने में 3 से 4 गुना अधिक समय लग रहा है। सर्दी-खांसी जैसी सामान्य बीमारी पहले तीन से पांच दिन में ठीक हो जाती थी। अब 15 से 20 तक का समय लग रहा है। दवाइयां देने के बाद भी बच्चों में समस्या बढ़ती जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार खान-पान में प्रिजर्वेटिव यानी संरक्षित करके रखी चीजों को खाने से इम्युनिटी कमजोर हो रही है। प्रदूषण व नए-नए वायरस से शरीर लड़ने में असमर्थ हो रहा है। लोगों को सावधानी रखने की आवश्यकता है।तापमान में उतार-चढ़ाव से सर्दी-खांसी के मरीज बढ़ रहे हैं। बच्चों में समस्या अधिक है। इसके साथ यह धीरे-धीरे गंभीर भी होती जा रही है। कोविड के बाद से सामान्य बीमारियों को भी ठीक होने में अधिक समय लग रहा है, जो चिंता का विषय है। चिकित्सक दवाइयां बदल-बदलकर मरीजों को ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं। बच्चों में सर्दी से कफ बनकर फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रही है। शहर सहित जिले में इस तरह के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बड़े अस्पताल की शिशु ओपीडी में रोज कई बच्चे सर्दी-खांसी के आ रहे हैं।

बड़े अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ देखी जा सकती है। मोनिका जैन ने बताया कि उनके 2 साल के बेटे चिंतन को एक माह से सर्दी-खांसी की समस्या है। पहले 07 दिन तक दवाइयां दीं तो ज्यादा आराम नहीं मिला। उसके बाद उसे नेबुलाइज मशीन से दवाई की भाप दी, जिससे उसे कुछ आराम मिला तो भाप देना बंद करते ही सर्दी-खांसी अधिक हो गई। 25 दिन बाद इंजेक्शन लगवाने पर एक माह बाद सर्दी-खांसी से राहत मिली, लेकिन पूरी तरह से अभी भी ठीक नहीं हुआ। इसी तरह सुनीता पोरवाल ने बताया कि उसके चार साल के बच्चे अमन को दो माह से सर्दी-खांसी की समस्या है। राहत नहीं मिल पा रही है।

### करना चाहिए मास्क का उपयोग...

ऐसे मामलो में शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार अभी यह समस्या अधिक देखने में आ रही है। इसके पीछे भोजन सामग्री में प्रिजर्वेटिव के उपयोग से इम्युनिटी कमजोर हो रही है। वहीं प्रदूषण भी एक बड़ी वजह है। प्रदूषण के साथ नए-नए वायरल ज्यादा सफर कर रहे हैं। इससे सर्दी-खांसी सही होने में भी समय लग रहा। धीरे-धीरे यह शरीर में इन्फेक्शन बढ़ा देते हैं। इससे फेफड़े भी कमजोर हो रहे। मास्क केवल कोविद्ध में ही जरूरी नहीं है। मास्क लगाने से प्रदूषण से बचा जा सकता है, साथ ही हवा सीधे नाक में प्रवेश नहीं करती। इससे सर्दी की आशंका कम हो जाती है। इसी के साथ एंटीबायोटिक का उपयोग ना के बराबर करे, चिकित्सक लिखे वो ही दवाई लें।

### कार में 200 किलो मछली चोरी कर ले जाते 4 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** चंबल नदी से 200 किलो मछली चोरी कर कार में ले जाते चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर नाहरगढ़ पुलिस ने फतेहगढ़ में नाकाबंदी कर विशनिया मार्ग की ओर से आ रही कार (एमपी 14 सीडी 3176) को रोका, तलाशी के दौरान कार में 200 किलो अवैध मछली मिली। पूछताछ के दौरान कार में सवार युवकों ने उक्त मछली चंबल नदी से चोरी करना बताया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान बोरखेड़ी (शामगढ) निवासी राजू (25) पिता रंगलाल मीणा, कारुलाल (32) पिता प्रभुलाल मीणा, आंदीपुरा (गरोठ) निवासी श्यामसिंह (39) पिता गंगाराम मीणा व आकली (गरोठ) निवासी रामप्रसाद (34) पिता कैलाश कीर होना बताई। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर मछली व कार जब्त कर चोरी व मत्स्य अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया।

### विषाक्त पदार्थ सेवन कर युवक ने दी जान

**पिपलियामंडी, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या बस्ती में एक बालक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर जान दे दी। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय बालक विशेष पिता गोर्धन रांगोठा ने बुधवार रात्रि विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टी होने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां से मंदसौर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रात्रि 2 बजे बालक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस थाने से प्रधान आरक्षक राजवीर यादव मौके पहुंचे व घटना की जानकारी ली। चोकी प्रभारी रितेश नागर ने बताया गुरुवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति पर केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार गांव पीर गुराड़िया निवासी अर्जुन पिता नंदकिशोर बंजारा ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रंजिश के चलते विशाल पिता उंकारलाल दायका व उसकी पत्नी बगदीबाई ने घर पर आकर गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

# निक्षय मित्र बने और टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान कर पुण्य का काम करें-उप मुख्यमंत्री

## देवड़ा ने 3 करोड़ की लागत से निर्मित पिपलिया मंडी सर्किट हाउस का लोकार्पण किया



**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने पिपलिया मंडी में 3 करोड 14 लाख 80 हजार रुपए की लागत से निर्मित नवीन विश्रामगृह एवं दो नग आई टाइप आवास गृह का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे भारत में टीबी मुक्त भारत अभियान चल रहा है। इसके लिए सभी निक्षय मित्र बनें। टीबी मरीजों को गोद ले और मरीजों को फूड बास्केट प्रदान कर पुण्य का काम करें। इस कार्य में हम सभी को सहयोग करना है।लोकार्पण अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, श्री राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा, उपाध्यक्ष श्री भरत सिंह, मल्हारगढ़ जनपद अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा पाटीदार सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, कलेःटर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, बडी संख्या में आम नागरिक, पत्रकार मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि देश की जनता की ताकत को आधार बनाकर देश को विश्व गुरु के स्थान पर लाने का संकल्प सरकार ने लिया है। प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि 2047 में देश विश्व की सबसे बडी ताकत होगी। 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होंगे। इसके लिए सरकार ने आगामी 25 साल का रोड मैप बनाया। 25 साल बाद देश कैसा होगा यह सरकार ने संकल्प लिया। आर्थिक रूप से देश संपन्न होगा। विश्व की तीसरी सबसे बडी शक्ति होगी। मंदसौर में औद्योगिक निवेश हो इस पर लगातार कोशिश की जा रही है। छुट्टी हुई सडकों को बजट में लिया जा रहा है। कोई भी परिवार बिना मकान के नहीं रहेगा। सभी को समान अधिकार प्रदान किया जा रहे हैं। सरकार युवा, गरीब, किसान, महिलाओं पर विशेष तौर पर काम कर रही हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। जिससे आसानी से गरीब व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। पूरे देश में एक जैसी व्यवस्था हो, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हो, इस पर सरकार ने काम किया है। आयुष्मान कार्ड ने गरीबों को जिंदगी प्रदान की है। उनके जीवन को बचाया है। मल्हारगढ सुक्ष्म सिंचाई परियोजना पर काम चल रहा है। इससे एक-एक खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचेगा। अब किसान एक साल में तीन फसल की पैदावार कर सकेगा। जिससे किसानों के पास पैसा आएगा, पैसा बाजार में जाएगा उससे देश समृद्ध होगा। जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती पाटीदार द्वारा कहा गया कि विकास का काम सरकार ने लगातार किया है। सबका साथ सबके विकास के मूल मंत्र के आधार पर सरकार ने काम किया है। अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाया है। रोटी, कपडा, मकान हर आधारभूत सुविधाएं गरीब व्यक्तियों प्रदान की है। शिक्षा और स्वास्थ्य में अभूतपूर्व विकास हुए हैं। जन्म से मृत्यु तक की सरकार ने योजनाएं बनाई है। श्री राजेश दीक्षित द्वारा कहा गया कि हर गांव को सड्कों से जोड्ने का काम सरकार ने किया। सरकार ने सडकों का जाल बिछाया है। मल्हारगढ क्षेत्र में 36 डैम बनाए गए हैं। तीन कॉलेज बनाए गए हैं। 122 सड़क बनाई गई है। बडे-बडे ब्रिज, मेडिक्ल कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान बनाए गई हैं। सरकार राष्ट्र के लिए काम करती है, भारत विश्व गुरु बने उस संकल्प पर काम कर रही हैं।



### भ्रमण के दौरान बच्चों ने जानी बांस की उपयोगिता

**मनासा, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीएम राइज़ हायर सेकेंडरी स्कूल कुकडेश्वर के छात्रों ने भाटखेडी स्थित मिनी जंगल 'विश्वकर्मा बैंबू फॉर्म' का शैक्षणिक भ्रमण कर बांस की खेती एवं औषधीय महत्व के पौधों की व्यावसायिक जानकारी एकत्र की। यहां पर बच्चों ने राष्ट्रीय बांस मिशन योजना में रोपित बांस की खेती एवं उपयोग के बारे में प्रोग्रेसिव फार्मर श्री कमलाशंकर विश्वकर्मा से विस्तृत रूप से चर्चा की साथ ही फोटोग्राफी का आनन्द लिया। बच्चों ने फार्म पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के औषधीय महत्व के पौधों गिलोय, कौंचबीज, शतावरी, अश्वगन्धा, नीली व सफेद अपराजिता, गुड़हल, पत्थरचट्टा, एलोविरा, मीठा नीम, वराहीकंद, स्वार्ड बीन्स, ट्राइडेक्स, वज्रदंती, लक्ष्मण फल, रामफल, सीताफल आदि को देखा एवं जाना। बच्चों के साथ में विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक एग्रीकल्चर श्री नरेन्द्र यादव एवं शिक्षकगण श्री रमेशचंद्र मालवीय, श्री योगेश पंजाबी, श्री पंकज प्रजापति भी मौजूद रहे।



# लोगों को रोजगार मिले इसके लिए खादी को अपनाए-जैन

## शहर ब्लॉक ने महात्मागांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस मनाया

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आज राष्ट्रपिता महात्मागांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा गांधी चौराहा मन्दसौर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन एवं वरिष्ठनेता प्रकाश जी रातडिया, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर विशेष रूप से उपस्थित थे ।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि गांधी जी ने अपना पूरा जीवन सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चले । देश अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हो इसके लिए उन्होंने देश में कई पद यात्राएं कर जन आंदोलन खडा कर देश को गुलामी से मुक्त कराया। वे कई बार जेल गए। और एक समय फ़ासिस्ट वादी शक्तियों ने गांधी जी के प्राण ले लिए। श्री जैन ने इस अवसर पर आहवान किया हम सब लोगों को खादी को अपनाना चाहिए जिससे देश में लोगों को रोजगार मिले। इस अवसर पर वरिष्ठनेता व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि गांधी जी असत्य के सामने कभी नहीं झुके। आज वर्तमान में जो लोग गांधी जी की आलोचना करते हैं उन्हें गांधी जी के बारे में कुछ भी पता नहीं। हमें गांधीजी के विचारों और उनके कार्यो को अपनाना होगा देश में बेरोजगारी दूर हो इसके लिए खादी को अपनाना होगा। कार्यक्रम के बाद जिला कांग्रेस के नवनिर्मित कार्यालय का निरीक्षण सभी कांग्रेस जन ने किया। कार्यक्रम का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया कार्यक्रम का आभार नई आबादी मंडल में अध्यक्ष विजय जैन माना। साथ ही इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव महेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, मनजीत सिंह टुटेजा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, नगर पालिका मंदसौर में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री डॉ प्रीतिपाल सिंह राणा, कांतिलाल राठौर, शंभू लाल चौहान, अजय लोढ़ा, राजनारायण लाड, सुनील बसेर, कमलेश सोनी, आसिफ छिपा, वहीद जैदी, माजिद चौधरी, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा, कार्यवाहक अध्यक्ष सलीम खान, मोर्चा संगठन सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवडा, अजा विभाग जिला अध्यक्ष संदीप सलोद, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश सोलंकी, महिला नेत्रियों में सुश्री इष्टा भाचावत, सुनीता बंडी, अनीता भदोरिया, राखी सत्रावाला, वर्षा सांखला, योगिता बैरागी, मंडल अध्यक्ष में सर्वश्री दशरथ राठौर, अजय सोनी, रमेश ब्रिजवानी, राजेंद्र सेठिया, घनश्याम चौहान, सुनील गुप्ता, लाला ओझा, जगदीश जटिया, आमीन खान, साबिर हुसैन मदारी, अक्षय सेठिया कन्हैयालाल कुमावत, भाविक संचेती, राकेश सेन, सादिक गोरी भंवरलाल कुमावत आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

# मैन ऑफ़ टाइम ने किया विश्व गुरु भारत महोत्सव : जागो हिन्दुस्तान

**मनासा, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मैन ऑफ़ टाइम-विश्व सुरक्षा अभियान..अंतर्राष्ट्रीय सदभावना मंच के तत्वावधान में 140 वाँ आयोजन विश्व गुरु भारत महोत्सव : जागो हिन्दुस्तान.. मोहब्बत है वतन से.. सांस्कृतिक कार्यक्रम-सेमिनार-कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह संस्थापक-अध्यक्ष कवि संदीप कपूर वक़्तनाम की अध्यक्षता में किया गया। प्रेरणा-शक्ति अध्यापिका मंजु कपूर को स्मरण कर उन्होंने जय भारत - जय जगत उदघोष और गुरु वंदना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने बतौर फ़िल्म अभिनेता-गीतकार और गायक अपने पुराने तेवर में ..मोहब्बत है वतन से.. दिल में प्यारा हिंदुस्तान - दिल में सारा जहान.. और जागरण गीत- 'जागो हिन्दुस्तान' गाया- 'यह आत्म मंथन का समय.. जागो ऐ इंसान.. जागो हिन्दुस्तान..'

कार्यक्रम में विशेष शुभाकांक्षी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यूयॉर्क अमेरिका से डॉ. विजय कुमार मेहता, उदघाटनकर्ता विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के बिहार-झारखण्ड प्रांत सम्पर्क प्रमुख डा. विजय कुमार वर्मा, मुख्य अतिथि रक्षा मंत्रालय भारत सरकार भारतीय थल सेना के कर्नल विकास मंडल, अति विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री कवि डॉ. लाल थदानी, प्रोफेसर डॉ. राजभूषण प्रसाद, विशिष्टअतिथि हिन्दी दैनिक समाचार पत्र गुरु एक्सप्रेस के वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा, महासचिव समाजसेवी संध्या कपूर, संरक्षक रेल मंत्रालय भारत सरकार के कर्मठ रेलवे पदाधिकारी कवि शिव कुमार प्रसाद, अध्यापक ब्रजेश कु. प्रसाद गौरव, ई.अजीत कुमार सिंह, कार्यक्रम निर्देशक डॉ. कृष्णा सिंह और कला निर्देशक डॉ. तृप्ति कुमारी तान्या ने सभी को शुभकामनाएं दी। विश्व गुरु भारत पर सेमिनार में कवि संदीप कपूर वक़्तनाम ने कहा कि भारतीय संस्कृति, संविधान और लोकतंत्र को बचाना है, स्वयं जागना है..सबको जगाना है.. हर दिल पर तिरंगा लहराना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन में कवि अभय कुमार, डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. तृप्ति कुमारी तान्या, डॉ. युगल सिंह, शम्भूशरण शरणागत, आयुष राज, सोमदत्त मित्रा, ब्राह्मी कपूर, विश्वांगी कपूर, सुयश श्रेयस, राघव राघवेन्द्र, निधि कपूर, ध्रुवी कुमारी, प्रणय चौधरी ने गायन-अभिनय-भाषण और कविता पाठ कर देशभक्ति का रंग जमाया। सम्मान समारोह में कलाकार-प्रबुद्ध कवि-साहित्यकार-पत्रकार और समाजसेवी बंधुओं को उत्कृष्टयोगदान के लिए 'विश्व गुरु भारत गौरव सम्मान-2025' प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. युगल सिंह ने किया।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के परिणाम बेहतर साबित होंगे-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश लाने और विशेष रूप से युवाओं के लिये रोजगार के अवसरों के सृजन लिये जापान की यात्रा पर आया हूँ। मुझे संतोष है कि जापान का रुझान अन्य देशों के साथ भारत की ओर भी बढ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर उन्नति कर रहा है। ऐसे में सभी राज्य अपने यहां औद्योगिक निवेश को बढ़ाये, जिससे जीडीपी में वृद्धि हो और युवाओं के लिये अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान, आर्थिक रूप से समृद्ध देश है, जो उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ अनुसंधान को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग अनुशासित जीवन जीते है, जिससे अनेक संभावनाएँ जन्म लेती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान की यह यात्रा भारत, विशेष रूप से मध्यप्रदेश के संदर्भ में मील का पत्थर साबित होगी। मुझे विश्वास है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के परिणाम बेहतर साबित होंगे और म.प्र. आर्थिक रूप से समृद्धि की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा।



# राजनीतिक दल को दिया है चंदा तो आएगा आयकर विभाग का मैसेज

**भोपाल, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आपने राजनीतिक दल को चंदा दिया और छूट आयकर रिटर्न में ली है तो सावधान हो जाएं। आयकर विभाग ऐसे करदाताओं को अलर्ट मैसेज भेज रहा है। जरूरी नहीं कि चंदा फर्जी हो, लेकिन अब इसकी जानकारी रखनी होगी। विभाग के मांगने पर दान की रिसीविंग स्लिप, बैंक स्टेटमेंट जमा करने होंगे।आयकर इस छूट की जांच करना चाहता है, इसलिए अलर्ट मैसेज से आगाह कर रहा है कि संबंधित वर्ष का रेक्टिफिकेशन अपडेटेड रिटर्न दाखिल कर टैक्स चुकाया जा सकता है। आयकर ने ग्वालियर रीजन समेत प्रदेश में तीन वित्तीय वर्ष (2021-22, 2022-23, 2023-24) के लिए हजारों मैसेज भेजे हैं।

**धारा 80 जीजीसी के तहत मैसेज**-ऐसे राजनीतिक दल जो आयोग में पंजीकृत हैं, पर मान्यता प्राप्त नहीं हैं। उन पर चंदा वसूली कर मनी लॉन्ड्रिंग और कर चोरी के संदेह होते हैं। ऐसे दलों को चंदा देने वालों को आइटी की धारा 80 जीजीसी में अलर्ट मैसेज भेजे हैं।

**ऐसे होती है बचत**-यदि करदाता की सालाना आय 07 लाख है और उसने 02 लाख रुपए राजनीतिक दल को चंदा दिया। ऐसे में 02 लाख की छूट सकल आय में से घटाकर 05 लाख रुपए मानी जाएगी। इस आय पर टैक्स नहीं लगेगा। ऐसे में करीब 50 हजार टैक्स का लाभ मिलता है।

**तो पैनाल्टी-ब्याज के साथ देना होगा कर**-चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज शर्मा ने बताया आयकर अलर्ट मैसेज भेज रहा है। यानी, छूट लेने वालों पर विभाग की पैनी नजर है। नोटिस आने पर उन्हें जरूरी जानकारी और दस्तावेज जमा करना पड़ सकता है।

# आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, कुपोषण निवारण, कुष्ठ नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाए-कलेक्टर



**नीमच, 30 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जिले में आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, कुपोषण निवारण के लिए सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के चिन्हाकंन तथा कुष्ठ नियंत्रण के लिए 3 से 8 फरवरी 2025 तक विशेष अभियान चलाकर हितग्राहियों का चयन कर आगामी कार्ययोजना तैयार करे। साथ ही अक्रियाशील प्रसूति केंद्रों को कियाशील कर, वहाँ प्रसव सुविधाएं उपलब्ध करवाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए दिए।**

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने 100 दिवसीय निक्षय अभियान की समीक्षा में निर्देश दिए, कि टी.बी.की स्क्रीनिंग और एक्स रे की संख्या बढ़ाए। प्रतिदिन 400 से अधिक संभावित टी.बी.रोगियों के एक्स रे करवाने के निर्देश भी जिला क्षय अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में पॉच-पॉच निक्षय मित्र बनाने और सरपंचों को भी निक्षय अभियान से जोडने के निर्देश दिए। 70 वर्ष आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड पंजीयन की अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर, नगरीय निकायों के सीएमओ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश पीओ डूडा को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि एक सप्ताह में सभी आशा, एएनएम, सचिव, रोजगार सहायक एवं सीएचओ तथा वार्ड प्रभारी शतप्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होने सभी सेक्टर, मेडिकल आफिसरों को निर्देश दिए गए कि वे भी नियमिति रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, टीकाकरण, क्षय नियंत्रण, अधंत्वे निवारण, परिवार कल्याटण, कुष्ठ नियंत्रण, मलेरिया नियंत्रण, गैर संचारी रोग नियंत्रण एवं राष्ट्री य बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते रहे। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए, कि जहॉ पर दो एएनएम पदस्थ्रण है, वहॉ से एक एएनएम को रिक्त स्थानों वाली संस्थाओं में पदस्थ कर, एएनएम का युक्तियुक्तकरण आदेश जारी करें। 108 एम्बुलेंस सेवाओं की समीक्षा में निर्देश दिए, कि ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यकता होने पर चिकित्सक के परामर्श से सीधे मेडिकल कॉलेज एवं अन्य समीपस्थ संस्था में मरीजों को रैफर करने पर 108 एम्बुलेंस से तत्काल ले जाना सुनिश्चित करें। जिससे कि मरीजों को त्वरित उपचार सुविधा मिल सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, मुख्यस चिकित्साल एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ.रितेश बजाज, डॉ.संगीता भारती, डॉ.विजय भारती, जिला क्षय अधिकारी डॉ.मनीष यादव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.एल. सिसोदिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत, डीपीएम सुश्री अर्चना राठौर, डीसीएम श्री चंद्रपाल सिह राठौर, सभी नोडल अधिकारी, सभी बीएमओ, शासकीय चिकित्सक, सेक्टर मेडिकल आफिसर आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक- मंदसौर, दिनांक-

**विज्ञप्ति**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरीश विजयवर्गीय पिता प्रेमचंद विजयवर्गीय, 14 सुदामा नगर रामटेकरी मंदसौर के आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिताजी का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।**

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| PREM DAS JI | PREMCHAND VIJAYVARGIYA |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 104/2025 दिनांक 30.01.2025

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्यामुबाई पति लालदास, जाति बैरागी, निवासी ग्राम-जवासिया, तहसील-दलौदा, जिला-मन्दसौर से आवासीय भूमि सर्वे क्रमांक 1029 (बी), भूखंड क्रमांक 650(पी), पटवारी हल्का न. 03, पर दर्ज होकर, पता-ग्राम-जवासिया, तहसील-दलौदा, जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्य: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण का MP15IGR17852025A100026377, दिनांक 15.01.2025 से मेरे पक्षकार लालदास पिता देवराम दास, जाति-बैरागी, निवासी-ग्राम-जवासिया, तहसील-दलौदा, जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-

पूर्व में-गली, पश्चिम में-कुमावत धर्मशाला, उत्तर में-बलराम व दिनेश का मकान, दक्षिण में-रास्ता, पैमाईश रकबा-2669 वर्ग फीट या 248 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, सस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सुचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित ने मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in